राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 26 अप्रेल। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविंद सिंह डोटासरा ने आज सीकर में कांग्रेस द्वारा आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन किया।

शिविर में भाग ले रहे प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से सभी अभ्यर्थियों को पार्टी की रीति-नीति के साथ ही गौरवशाली इतिहास को जानने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि शिविर के माध्यम से सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को आजादी के बाद एक विकसित राष्ट्र के निर्माण में कांग्रेस पार्टी एवं कांग्रेस के महान् नेताओं के योगदान की जानकारी प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि आजादी के पश्चात कांग्रेस सरकारों ने देश में इंफ्रास्ट्रक्चर, बांध, सिंचाई परियोजनाएं, सड़कें, बिजली, शिक्षा एवं रोजगार पर ध्यान केंद्रित कर देश को विश्व के अग्रणी राष्ट्रों की पंक्ति में पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकारों ने देश में किसानों, महिलाओं एवं युवाओं को विभिन्न अधिकार प्रदान कर सशक्त बनाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकारों के ही अथक् प्रयासों का परिणाम है कि आज देश में लोकतंत्र मजबूत नींव पर खड़ा है।

श्री डोटासरा ने कहा कि कांग्रेस की नीतियों के कारण ही देश में साम्प्रदायिक सद्भाव के साथ सभी देशवासी एकता के सूत्र में बंधकर देश के विकास के लिए कार्य करते रहे, लेकिन पिछले 8 वर्ष से केन्द्र की भाजपा सरकार ने देश में साम्प्रदायिकता का जहर घोलने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा की केन्द्र सरकार देश की संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर कर उनका दुरुपयोग कर रही है तथा देश के लोकतंत्र को कमजोर करने का षड्यंत्र किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश में भय का वातावरण बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन सभी बिंदुओं पर चर्चा कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को भारतीय जनता पार्टी द्वारा फैलाए जा रहे नफरत एवं अविश्वास से देश और समाज को बचाने हेतु कार्य करना है। उन्होंने कहा कि राजस्थान की कांग्रेस सरकार ने लोगों के कल्याण हेतु सामाजिक सुरक्षा की अनेक योजनाएं लागू की है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों का भविष्य सुरक्षित करने के लिये पुरानी पेंशन योजना लागू की गई, लोगों को ईलाज के खर्च से बचाने हेतु मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना लागू की गई। इसी प्रकार आमजन एवं किसानों को राहत प्रदान करने हेतु बिजली के बिल में राज्य सरकार द्वारा सब्सिडी प्रदान कर राहत दी जा रही है। उन्होंने

2........

Created by Universal Document Converter

कहा कि सभी कार्यकर्ता राजस्थान सरकार द्वारा जनहित में चलाई जा रही लोक कल्याणकारी फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी शिविर में प्राप्त कर अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर लोगों को जागरूक करें तथा सुनिश्चित करें कि राजस्थान सरकार के लोक कल्याणकारी कार्यों का लाभ प्रत्येक व्यक्ति को मिले। उन्होंने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार के 8 वर्ष की विफलता एवं भाजपा द्वारा जनता से की गई वादाखिलाफी की जानकारी आम जनता को प्रदान कर भाजपा का असली चेहरा जनता के सामने उजागर करें।

उन्होंने कहा कि सभी कांग्रेस कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से और अधिक मजबूती के साथ जनता के बीच जाकर कार्य करने में सक्षम होंगे तथा भाजपा द्वारा प्रस्तुत साम्प्रदायिकता की चुनौती से निपट सकेंगे। उन्होंने सभी उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं से आव्हान किया कि वर्ष 2023 में प्रदेश में पुन: कांग्रेस की सरकार बने इस हेतु पूरी ताकत के साथ आमजन के बीच कार्य करने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार कार्यकर्ताओं की अथक् मेहनत से बनी है तथा सरकार ने जन आकांक्षाओं को पूरा करने में किसी प्रकार की कसर नहीं छोड़ी है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं द्वारा दिए गए फीडबैक के आधार पर राज्य सरकार निर्णय ले रही है, इसलिए संगठन के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी अपने कार्यकर्ताओं के बल पर 2023 में पुन: कांग्रेस की सरकार प्रदेश में बनाएगी तथा वर्ष 2024 में केन्द्र से भाजपा को उखाड़ फेंकने का कार्य किया जाएगा।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर में विधायक श्री हाकम अली, श्री सुरेश मोदी, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता श्री आर. सी. चौधरी, सचिव श्री जसवंत गुर्जर, श्री फूलसिंह ओला, श्री विशाल जांगिड़, श्री गजेन्द्र सिंह सांखला, जिला कांग्रेस कमेटी सीकर की जिलाध्यक्ष श्रीमती सुनीता गठाला, श्री सीताराम लाम्बा, श्री रामसिंह राव, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के जिले में निवासरत सदस्यगण, जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी/निवर्तमान पदाधिकारीगण, जिले के समस्त ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों के निवर्तमान अध्यक्षगण, जिला कांग्रेस कमेटी के निर्वाचित व सहवृत सदस्यगण, जिले के समस्त अग्रिम संगठनों, विभागों व प्रकोष्ठों के निवर्तमान अध्यक्षगण, निकायों के जनप्रतिनिधिगण, पंचायत राज के जनप्रतिनिधिगण सहित वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने भाग लिया।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)

प्रवक्ता

मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter